दैनिक भास्कर

कोटा 17-01-2023

स्टार्टअप बूटकैम्प का आयोजन

कोटा | इन्क्यूबेशन सेन्टर में राजकीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर सोमवार को विभिन्न स्टार्टअप संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपनिदेशक इन्क्यूबेशन सेन्टर डीओआईटी मनोज कुमार मीना ने की। स्टार्टअप मेंटर्स रोहिणी शर्मा एवं आयुष त्यागी ने राजस्थान सरकार की स्टार्टअप पॉलिसी पर चर्चा की। कार्यक्रम में स्टार्टअप बूटकैम्प का आयोजन भी किया गया, जिसमें विपुल पालीवाल, विजय जोहर एवं लव अग्रवाल ने नवउद्यमियों का मार्गदर्शन किया। एसएसआई अध्यक्ष राजकुमार जैन, गोविन्द राम मित्तल, एसएसआई बीएनआई निदेशक लव अग्रवाल, विपुल पालीवाल एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष वैषाली भार्गव ने कार्यक्रम में स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने के लिए सुझाव एवं जानकारी साझा की। कार्यक्रम में डीओआईटी विभाग से विकास कुमार, सुरेन्द्र कुमार सूचना सहायक एवं अन्य उपस्थित रहे।